हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज आइकॉन

T.C. NO. MAHHIN10172

संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला | ईमेल: newsicon2021@gmail.com | मूल्य: रु. - 2/-

वर्षः 1 | अंकः 19 | पृष्ठः 8 | शुक्रवार 17 सितम्बर से 23 सितम्बर 2021

## ओबीसी आरक्षण को लेकर महाराष्ट्र सरकार का अहम फैसला

### अध्यादेश निकाल कर देंगे आरक्षण




**मुंबई :** ओबीसी के राजनीतिक आरक्षण के मुद्दे पर मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाविकास आघाडी सरकार ने बुधवार (15 सितंबर) को एक अहम फैसला किया है. ओबीसी आरक्षण के लिए अध्यादेश लाया जाएगा. यह जानकारी ठाकरे सरकार में मंत्री छगन भुजबल ने दी छगन भुजबल ने कहा कि आरक्षण देने के लिए आंध्र प्रदेश और तेलंगाना का मॉडल अपनाया जाएगा. हालांकि 10 से 12 प्रतिशत जगह कम होगी. लेकिन सुप्रीम कोर्ट द्वारा रद्द किए जाने से पहले जितना आरक्षण मिल रहा था उनमें से 90 फीसदी तक आरक्षण बचा लेने की हमारी कोशिश है. बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के ओबीसी आरक्षण को रद्द करते हुए एक अहम बात यह कही थी कि किसी भी हाल में इंदिरा साहनी के फैसले के तहत आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से ज्यादा नहीं हो सकती. लेकिन महाराष्ट्र में ओबीसी का राजनीतिक आरक्षण इस सीमा को पार कर रहा था. इस पर सुप्रीम कोर्ट ने यह आरक्षण रद्द कर दिया था. इस पर बोलते हुए छगन भुजबल ने कहा कि देश में कई जगहों पर आरक्षण की यह सीमा लांघी गई है. लेकिन हम यह सीमा नहीं लांघेंगे. 50 फीसदी की सीमा के भीतर रह कर ही हम अध्यादेश लाएंगे.5 जिला परिषदों और पंचायत समितियों के चुनाव से पहले हुआ फैसला राज्य में ओबीसी आरक्षण को लेकर जोरदार राजनीति शुरू है. इस बीच सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश को ध्यान में रखते हुए राज्य के चुनाव आयोग ने 5 जिला परिषदों और इनसे संबंधित पंजायत समितियों के उप चुनावों का टाइम टेबल जारी कर दिया है. 5 अक्टूबर को वोटिंग होगी और 6 अक्टूबर को मतगणना की जाएगी. इसी पृष्ठभूमि को देखते हुए राज्य सरकार ने यह घोषणा की है.

## गिरफ्तार आतंकियों का दाऊद कनेक्शन, भाई अनीस के जरिए भारत में हमले की थी साजिश



**मुंबई** मुंबई को धमाकों से दहलाने की साजिश रचने और उसे अंजाम तक पहुंचाने वाले अंडरवर्ल्ड डॉन और इंडिया के मोस्ट वांटेड क्रिमिनल दाऊद इब्राहिम की गलत मंशा का एक बार और खुलासा हो गया है. दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल और यूपी एटीएस ने जिन 6 आतंकियों को प्रयागराज से गिरफ्तार किया है उनसे पूछताछ के दौरान एक बड़ा खुलासा हुआ है. मिली जानकारी के अनुसार आतंकियों के पीछे दाऊद इब्राहिम के भाई अनीस इब्राहिम की भी महत्वपूर्ण भूमिका सामने आ रहा है.

इसके साथ ही पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई भी इसमें शामिल बताई जा रही है.गौरतलब है कि गिरफ्तार किए गए 6 आतंकियों में से दो ने पाकिस्तान में ट्रेनिंग ली है और इसका पूरा इंतजाम आईएसआई और अंडवर्ल्ड की तरफ से किया गया था. जानकारी के अनुसार अनीस इब्राहिम इन आतंकियों की दहशत फैलाने के लिए हर तरह से मदद कर रहा था.






# ठाकरे सरकार के एक और मंत्री का पर्दाफाश करूंगा: किरीट सोमैया





**मुंबई।** भाजपा नेता किरीट सोमैया ने कहा है कि वह जल्द ही महाराष्ट्र सरकार के एक और मंत्री का सबूतों के साथ पदार्फाश करेंगे। उन्होंने शुक्रवार को मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के करीबी मंत्री अनिल परब पर भी कई नए खुलासे किए। पूर्व सांसद सोमैया ने शुक्रवार को पुणे में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि क्षेत्रीय ट्रांसपोर्ट कार्यालय में काम करने वाले अनिल परब के करीबी बजरंग खरमाटे के पास 750 करोड़ रुपये कीमत की 40 संपत्तियां हैं। सोमैया के अनुसार, उन्होंने खरमाटे का फार्म हाउस व संपत्तियां देखी हैं और 40 संपत्तियों की सूची अब तक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) व आयकर विभाग को दे चुके हैं। बाजार भाव से इनकी कीमत 750 करोड़ रुपये है। सोमैया ने कहा कि बुधवार को महाराष्ट्र सरकार अनौपचारिक तौर पर मान चुकी है कि सीआरजेड क्षेत्र में बना अनिल परब का रिसार्ट गैरकानूनी है और इसे तोड़ा जाना चाहिए। सरकार ने इस संबंध में एक हलफनामा लोकायुक्त को भी सौंपा है। मुझे बताया गया कि यह हलफनामा मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे व पर्यावरण मंत्री आदित्य ठाकरे को बताकर ही तैयार किया गया है। सौमैया सवाल करते हैं कि जब यह साबित हो चुका है कि अनिल परब गलत थे तो वह अब तक राज्य मंत्रिमंडल में कैसे बने हुए हैं? ईडी छह सितंबर को आरटीओ अधिकारी बजरंग खामटे को मनी लांड्रिग के मामले में पूछताछ के लिए समन भेज चुकी है। इससे पहले 29 अगस्त को अनिल परब को भी ईडी पूछताछ के लिए समन भेज चुकी है। तब परब ने ईडी के सामने उपस्थित होने के लिए 14 दिन का समय मांगा था। सोमैया ने कहा कि अगले सप्ताह वह ठाकरे सरकार के एक और कैबिनेट मंत्री के बारे में सबूतों के साथ खुलासा करेंगे। उन्होंने राकांपा अध्यक्ष शरद पवार को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पवार कहते हैं कि ईडी अपनी सीमाओं का उल्लंघन कर लोगों को परेशान कर रही है।

पवार भावना गवली को बेकसूर करार दे रहे हैं। जबकि भावना गवली ने एक शहरी सहकारी बैंक से 40 बार नकदी निकाली और हर बार निकाली गई रकम 21 लाख से कम नहीं थी।

## आनलाइन करें सिद्धिविनायक मंदिर में बप्पा के दर्शन



**मुंबई।** कोरोना महामारी के कारण महाराष्ट्र के मुंबई शहर के लोकप्रिय सिद्धिविनायक मंदिर में इस साल गणेश चतुर्थी का उत्सव पूरी तरह से वर्चुअल तरीके से मनाया जा रहा है। मंदिर के पुजारियों ने सुबह की आरती की जिसका सीधा प्रसारण उनकी आधिकारिक वेबसाइट और फेसबुक पेज पर किया गया।मुंबई पुलिस के अनुसार गणपति के जुलूस की अनुमति नहीं होगी और एक जगह पर पांच से अधिक व्यक्ति इकट्ठा नहीं हो सकते हैं। ह्लहम सभी सरकारी आदेशों का पालन कर रहे हैं। मंदिर परिसर में कोविड गाइडलाइन का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। भक्तों को मंदिर परिसर के अंदर जाने की अनुमति नहीं है। मुंबई स्थित श्री सिद्धिविनायक मंदिर गणेश चतुर्थी के अवसर पर भक्तों के लिए गणपति जी के आनलाइन दर्शन की व्यवस्था की गई है। श्री सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आदेश बांदेकर के अनुसार आनलाइन दर्शन की व्यवस्था सोशल मीडिया के माध्यम से की गई है। मंदिर के अंदर सिर्फ पुजारी और जरूरी कर्मचारी ही मौजूद हैं। महामारी से पहले गणेश चतुर्थी का पर्व मुंबई और महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में बहुत धूमधाम से मनाया जाता था, जिसमें लाखों भक्त भगवान गणेश से आशीर्वाद लेने के लिए पूजा मंडलों में शामिल होते थे

# मुंबई के साकीनाका में महिला से दरिंदगी, हालत गंभीर



**मुंबई।** मुंबई में एक महिला से दुष्कर्म के बाद दरिंदगी का मामला सामने आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शुक्रवार को उपनगरीय साकीनाका में सड़क के किनारे खड़े एक टेंपो में एक 34 वर्षीय महिला से दुष्कर्म के बाद उस पर बेरहमी से हमला किया गया, उसकी हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस के मुताबिक, घटना के कुछ ही घंटों के भीतर आरोपित मोहन चौहान (45) को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार तड़के पुलिस नियंत्रण कक्ष को फोन आया कि खैरानी रोड पर एक व्यक्ति एक महिला की पिटाई कर रहा है। खून से लथपथ एक महिला को खोजने के लिए पुलिस टीम मौके पर पहुंची। अधिकारी ने कहा कि उसे नागरिक संचालित राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, उसके साथ दुष्कर्म किया गया था और उसके निजी अंगों में लोहे की राड से हमला किया गया था। उन्होंने कहा कि यह घटना सड़क किनारे खड़े एक टेंपो के अंदर हुई थी। वाहन के अंदर खून के धब्बे मिले हैं। अधिकारी ने बताया कि डाक्टरों के मुताबि,क महिला की हालत गंभीर है। उन्होंने कहा कि कुछ सुरागों पर कार्रवाई करते हुए आरोपित चौहान को आइपीसी की धारा 307 (हत्या का प्रयास) और 376 (दुष्कर्म) के तहत गिरफ्तार किया गया और आगे की जांच जारी है। गौरतलब है कि दिसंबर 2012 में इसी तरह दिल्ली में एक युवती निर्भया से चलती बस में दुष्कर्म के बाद बेरहमी से मारपीट की गई थी, जिससे पूरे देश में आक्रोश फैल गया। कई दिनों तक जिंदगी के संघर्ष के बाद अस्पताल में उसकी मौत हो गई थी। इससे पहले जून, 2019 में मुंबई की एक निजी एयरलाइन में काम करने वाली 25 वर्षीय विमान परिचारिका से अंधेरी उपनगरीय क्षेत्र में उसके मित्र और उसके साथ फ्लैट में रहने वालों ने कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म किया। इस मामले में महिला के मित्र स्वप्निल बाडोदिया को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। बाडोदिया ने अपराध स्वीकार कर लिया लेकिन इसमें अपने रूममेट की संलिप्तता से इनकार किया। मुंबई में एक निजी एयरलाइन में काम करने वाली 25 वर्षीय विमान परिचारिका से अंधेरी उपनगरीय क्षेत्र में उसके मित्र और उसके साथ फ्लैट में रहने वालों ने कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म किया। इस फ्लैट में महिला के साथ तीन पुरुष रूममेट रहते थे।

# फास्ट ट्रैक में चलेगा साकीनाका दुष्कर्म केस का ट्रायल, दोषियों को मिलेगी कड़ी सजाः उद्धव ठाकरे

**मुंबईः** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने मुंबई के साकीनाका में एक महिला के साथ दुष्कर्म और हत्या को मानवता पर धब्बा करार दिया और मामले में फास्ट ट्रैक सुनवाई का वादा किया। ठाकरे ने शनिवार को कहा कि अपराधी को कड़ी सजा दिलाई जाएगी। मामले की सुनवाई तेजी से होगी और पीड़िता को न्याय मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने राज्य के गृह मंत्री दिलीप वालसे पाटिल और मुंबई के पुलिस आयुक्त हेमंत नागराले से मामले पर चर्चा की है। आइएएनएस के अनुसार, दुष्कर्म की घटना के खिलाफ राज्य में उपजी नाराजगी के बीच राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी घटना का संज्ञान लिया है। महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने इसे बर्बर घटना करार दिया है।इस बीच, भाजपा ने दुष्कर्म के आरोपित के लिए मृत्युदंड की मांग करते हुए महिला सुरक्षा के मुद्दे पर महा विकास अघाड़ी सरकार को घेरा है। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता देवेंद्र फड़नवीस ने कहा कि इस मामले में फास्ट ट्रैक अदालत में सुनवाई की जानी चाहिए। विधान परिषद में विपक्ष के नेता प्रवीण दरेकर ने घटना के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया।मुंबई के उपनगरीय इलाके साकीनाका में दुष्कर्म और प्राइवेट पार्ट में लोहे की



राड डालने की वीभत्सता का शिकार बनी महिला ने यहां नगरपालिका के एक अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार तड़के दम तोड़ दिया। एक अधिकारी ने बताया कि महिला के निजी अंगों में गंभीर चोटें आई थीं और हादसे में उसका बहुत खून बह गया था। वह शुक्रवार तड़के से राजावाड़ी अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रही थी। उन्होंने बताया कि महिला से दुष्कर्म और लोहे की राड से निर्ममता से हमला करने के बाद आरोपित ने उस पर चाकू से भी वार किया। अधिकारी ने बताया कि यह घटना शुक्रवार तड़के सामने आई थी, जब पुलिस को साकीनाका में खैरानी रोड पर एक शख्स के एक महिला पर हमला करने के बारे में फोन आया था। पुलिस मौके पर पहुंची जहां उसने महिला को खून से लथपथ पाया। इसके बाद उसे राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## मुंबई क्राइम ब्रांच ने राज कुंद्रा के खिलाफ दायर की चार्जशीट, 1500 पन्नों में दर्ज लेखा-जोखा



**मुंबईः** मुंबई क्राइम ब्रांच ने पूरक आरोप पत्र दायर किया है. अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा और इस मामले में अन्य आरोपियों के खिलाफ आज (15 सितंबर, बुधवार) एस्प्लेनेड कोर्ट में 1500 पन्नों की यह सप्लीमेंट्री चार्जशीट पेश की गई है. न्यूज एजेंसी एएनआई द्वारा यह जानकारी दी गई है. अब तक का अपडेट यह है कि अश्लील फिल्मों को बनाने और उन्हें ऐप में डाउनलोड कर रिलीज करने के मामले में राज कुंद्रा जेल में बंद हैं. वे 19 जुलाई 2021 से जेल में हैं. उन्हें अभी तक जमानत नहीं मिल पाई है. राज कुंद्रा की जमानत अर्जी पर अब 16 सितंबर को सुनवाई होने वाली है. 8 सितंबर को राज कुंद्रा के वकीलों ने अगली तारीख की कोर्ट से अपील की थी. कोर्ट ने उनकी अपील को स्वीकार कर लिया था और सुनवाई की अगली तारीख 16 सितंबर तय कर दी.राज कुंद्रा के पॉर्न फिल्म मामले की जांच, मुंबई क्राइम ब्रांच की स्पेशल टीम के हाथ इस पूरे मामले की जांच के लिए मुंबई क्राइम ब्रांच ने एक जांच टीम बनाई थी. इस टीम को एक एसीपी स्तर के अधिकारी लीड कर रहे हैं. यह टीम अपनी जांच से जुड़ी जानकारियां क्राइम ब्रांच के सीनियर अधिकारियों को रिपोर्ट कर रही हैं. क्राइम ब्रांच की पुलिस के मुताबिक अब तक जिन 11 आरोपियों के खिलाफ जांच चल रही है उनके अलावा किसी और के इस पूरे मामले में शामिल होने की कोई जानकारी नहीं है. यह मामला तब सामने आया था जब मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम को यह जानकारी मिली थी कि मढ इलाके के एक बंगले में वेब सीरीज बनाने के नाम पर अश्लील फिल्मों की शूटिंग शुरू है. पुलिस ने जानकारी मिलते ही बताए गए बंगले में रेड मारी थी और शूटिंग के दरम्यान ही कैमरामैन, मॉडल, ग्राफिक डिजाइनर और डायरेक्टर को गिरफ्तार किया था. इसके बाद कड़ियां खुलती गईं और मामले की जांच बढ़ते-बढ़ते राज कुंद्रा तक पहुंच गई. कुंद्रा और उनके अहम साथी थोर्प को 19 जुलाई के दिन गिरफ्तार किया गया था.

## मुंबई में संदिग्ध आतंकी जान मोहम्मद की गिरफ्तारी पर गिरी उद्धव सरकार

**मुंबई।** संदिग्ध आतंकी जान मोहम्मद शेख की दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तारी पर महाराष्ट्र की उद्धव सरकार घिरती नजर आ रही है। मुंबई के भाजपा विधायक आशीष शेलार ने इसे महाराष्ट्र एटीएस की नाकामी बताया है। उन्होंने कहा है कि नवरात्र, रामलीला जैसे हिंदुओं के त्योहारों को निशाना बनाने की तैयारी कर रहे आतंकी को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महाराष्ट्र की एटीएस सो रही थी क्या? शेलार ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पुलिस पर राजनीतिक दबाव के कारण ऐसी चीजों से पुलिस का ध्यान हट जाता है। एक असंज्ञेय मामले में केंद्रीय मंत्री की गिरफ्तारी व विधायक के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी करने वाली पुलिस आतंकियों के मामले में सो रही थी क्या? शेलार ने इस मामले में इंटेलीजेंस की नाकामी का आरोप लगाते हुए राज्य के गृहमंत्री से स्पष्टीकरण देने की मांग की है। पूर्व मुख्यमंत्री



देवेंद्र फड़णवीस ने भी इस मामले को बहुत गंभीर बताते हुए कहा है कि देश के अलग-अलग हिस्सों, खासकर मुंबई में आतंकी का पकड़ा जाना खतरे की घंटी है। इस मसले पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए। ऐसी घटनाओं का दोहराव रोकने के लिए ऐसे लोगों को खत्म किया जाना चाहिए। दूसरी ओर, महाराष्ट्र एटीएस प्रमुख विनीत अग्रवाल ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकी जान मोहम्मद शेख पिछले 20 वर्षों से माफिया सरगना दाऊद इब्राहिम से जुड़ा हुआ था। उस पर महाराष्ट्र एटीएस की भी नजर थी। उसके खिलाफ मुंबई के पायधुनी पुलिस थाने में 20 साल पहले गोलीबारी व तोड़फोड़ के आरोप में एफआइआर दर्ज की गई थी। उसके खिलाफ बिजली चोरी का भी एक मामला दर्ज हुआ था।

उसके खिलाफ कुछ और शिकायतों पर एनसी दर्ज हुई थी, लेकिन कोई आतंकी मामला अब तक सामने नहीं आया था। अग्रवाल कहते हैं कि महाराष्ट्र एटीएस करीब 1000 लोगों की लगातार निगरानी करती है। उनमें से एक जान मोहम्मद भी है।



## संपादकीय

संपादक: मुर्तुजा मामाजीवाला

# गुजरात में बदलाव

कृषि कानूनों की समीक्षा के लिए बनाई गई समिति के सदस्य अनिल घनवट का इससे दुखी होना स्वाभाविक है कि सुप्रीम कोर्ट ने अभी तक इस समिति की रपट का संज्ञान नहीं लिया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश को चिट्ठी लिखकर न केवल इस रपट का संज्ञान लिए जाने की मांग की है, बल्कि यह भी अनुरोध किया है कि उसे सार्वजनिक किया जाए। कायदे से सुप्रीम कोर्ट को अपने स्तर पर ही ऐसा करना चाहिए था, क्योंकि खुद उसी ने इस समिति का गठन किया था। कोई नहीं जानता कि तय समय में रपट तैयार कर सुप्रीम कोर्ट को सौंप दिए जाने के बाद भी उसका संज्ञान क्यों नहीं लिया जा रहा है? इस देरी का एक दुष्परिणाम तो यह है कि तीनों कृषि कानून लंबित पड़े हुए हैं और दूसरे, किसान संगठन अपनी सक्रियता बढ़ाते चले जा रहे हैं। उनके साथ ही कई विपक्षी दल भी अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने में लगे हुए हैं। वास्तव में इसी कारण किसान संगठनों की गतिविधियां बढ़ती हुई दिख रही हैं। अब तो यह भी साफ है कि उनका आंदोलन पूरी तौर पर राजनीतिक रूप ले चुका है। वे पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के आगामी विधानसभा चुनावों में अपनी ताकत का प्रदर्शन करने के लिए तैयार दिख रहे हैं। इसी कारण वे न केवल नई-नई जगहों पर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं, बल्कि पुराने धरना स्थलों पर भीड़ बढ़ाकर अपनी ताकत का परिचय दे रहे हैं। इसमें हर्ज नहीं, लेकिन समस्या यह है कि उनके धरने लोगों को तंग करने का काम कर रहे हैं। दिल्ली सीमा पर बीते नौ महीनों से तीन स्थानों पर रास्ते बाधित हैं। इसके चलते हर दिन लाखों लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। इससे सुप्रीम कोर्ट भी परिचित है, लेकिन पता नहीं क्यों वह बाधित रास्ते खुलवाने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है? बीते दिनों ही उसने रास्ते खोले जाने की एक याचिका को सुनने से इन्कार कर दिया। आखिर इसे किसान संगठनों के धरने से त्रस्त हो रहे आम लोगों की उपेक्षा के अलावा और क्या कहा जा सकता है? समझना कठिन है कि जिस मुद्दे पर जमकर राजनीति हो रही है और लोगों को परेशान करने वाले काम किए जा रहे हैं, उसे सुप्रीम कोर्ट हाथ क्यों नहीं लगाना चाहता? सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर गठित समिति ने अपना काम मार्च में ही पूरा कर दिया था, लेकिन पांच माह बीत जाने के बाद भी वह न्यायाधीशों की प्राथमिकता सूची से बाहर है। इसका कोई औचित्य नहीं कि सुप्रीम कोर्ट पहले तो किसी मामले में खुद ही दखल दे और फिर उसकी अनदेखी करने वाला रवैया अपना ले। ऐसे रवैये से तो समस्या बढ़ेगी ही।

# राजनीतिक दल राजनीति के अपराधीकरण को रोकने में ईमानदार नहीं

***यह स्थानीय राजनीतिक समीकरणों में बदलाव के चलते मजबूरी में की गई घोषणा है। यदि बसपा राजनीति के अपराधीकरण के खिलाफ होती तो मुख्तार अंसारी आज बसपा के विधायक नहीं होते।पिछले चुनाव में जब वह बसपा के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे थे, तब भी माफिया की छवि से लैस थे। इसके पहले वह सपा में थे और तब भी अच्छा-खासा आपराधिक इतिहास रखते थे।***



बसपा प्रमुख मायावती की इस घोषणा से बहुत उत्साहित नहीं हुआ जा सकता कि इस बार वह आजमगढ़ मंडल की मऊ विधानसभा सीट से माफिया छवि वाले बाहुबली मुख्तार अंसारी को टिकट नहीं देंगी। यह स्थानीय राजनीतिक समीकरणों में बदलाव के चलते मजबूरी में की गई घोषणा है। यदि बसपा राजनीति के अपराधीकरण के खिलाफ होती तो मुख्तार अंसारी आज बसपा के विधायक नहीं होते।पिछले चुनाव में जब वह बसपा के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे थे, तब भी माफिया की छवि से लैस थे। इसके पहले वह सपा में थे और तब भी अच्छा-खासा आपराधिक इतिहास रखते थे। राजनीतिक दल किस तरह आपराधिक इतिहास वाले तत्वों को सहारा देने का काम करते हैं, इसका प्रमाण यह है कि बसपा ने जैसे ही मुख्तार अंसारी का टिकट काटने की घोषणा की, वैसे ही एआइएमआइएम ने यह एलान कर दिया कि वह जहां से चाहें, वहां से पार्टी का टिकट ले सकते हैं।समस्या केवल यह नहीं है कि आपराधिक अतीत और छवि वालों को राजनीतिक दल गले लगाते हैं। समस्या यह भी है कि ऐसे तत्व खुद भी राजनीतिक दल का गठन कर चुनाव मैदान में उतरने में सफल रहते हैं। खुद मुख्तार अंसारी कौमी एकता दल नामक पार्टी बना चुके हैं। पता नहीं अब वह क्या करेंगे, लेकिन मायावती की घोषणा के बाद भी इसके कहीं कोई आसार नहीं कि राजनीति के अपराधीकरण पर कोई लगाम लगेगी। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और मणिपुर के आगामी विधानसभा चुनावों में एक बड़ी संख्या में ऐसे उम्मीदवार नजर आ सकते हैं, जिन्हें दागी या आपराधिक प्रवृत्ति वाला कहा जा सकता है। यह ठीक है कि सभी उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतरते समय अपने खिलाफ चल रहे मामलों का विवरण देना पड़ता है, लेकिन जाति, मजहब, क्षेत्र से प्रभावित मतदाता मुश्किल से ही इसका संज्ञान लेते हैं। परिणाम यह है कि लोकसभा से लेकर विधानसभाओं में दागी छवि वाले तमाम जनप्रतिनिधि नजर आते हैं। उनकी संख्या में कोई कमी इसलिए नहीं आ रही है, क्योंकि राजनीतिक दल उनका यह कहकर बचाव करते हैं कि दोष सिद्ध न होने तक हर किसी को निदरेष माना जाना चाहिए। यह लचर दलील राजनीति के अपराधीकरण को बढ़ावा देने का ही काम कर रही है। राजनीतिक दल राजनीति के अपराधीकरण को रोकने में ईमानदार नहीं, इसका प्रमाण निर्वाचन आयोग के उस प्रस्ताव की अनदेखी है कि गंभीर आरोपों से घिरे उन लोगों के चुनाव लड़ने पर रोक लगे, जिनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया हो। चूंकि राजनीतिक दलों को यह प्रस्ताव रास नहीं आ रहा है, इसलिए उचित यह होगा कि सुप्रीम कोर्ट दखल दे और इस प्रस्ताव के अनुरूप कानून का निर्माण करने को कहे।

# अनंत चौदस पर बन रहा मंगल बुधादित्य योग




पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को अनंत चौदस पर्व मनाया जाता है। इस वर्ष अनंत चौदस 19 सितंबर को मनाई जाएगी और इस दिन मंगल, बुध और सूर्य एक साथ कन्या राशि में विराजमान होने के कारण मंगल बुधादित्य योग बन रहा है। ऐसी धार्मिक मान्यता है कि इस विशेष योग में भगवान पूजा करने पर विशेष फल मिलता है। इस दिन विशेषकर भगवान विष्णु की पूजा की जाती है, लेकिन साथ ही भगवान गणेश का विसर्जन भी अनंत चतुर्दशी को ही किया जाता है, इसलिए अनंत चतुर्दशी का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। आमतौर पर गणेश विसर्जन के कारण अनंत चतुर्दशी को भगवान गणेश का दिन माना जाता है, लेकिन धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन व्रत रखकर विष्णु जी को अनंत सूत्र बांधने से सारी बाधाओं से मुक्ति मिलती है। ये अनंतसूत्र कपड़े या रेशम का बना होता है और इसमें 14 गांठ लगी होती हैं। इसलिए अनंत चतुर्दशी को भगवान विष्णु के अनंत रूप के पूजा की जाती है।अनंत चतुर्दशी पर्व इस साल 19 सितंबर को मनाई जाएगी। इस दिन पूजा के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 6.07 मिनट से शुरू होगा, जो अगले दिन 20 सितंबर को सुबह 5.30 बजे तक रहेगा। अनंत चतुर्दशी पर पूजा के लिए शुभ मुहूर्त की कुल अवधि 23 घंटे 22 मिनट तक रहेगी। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार अनंत चतुर्दशी पर्व मनाने की शुरूआत महाभारत काल में हुई थी। ऐसी मान्यता है कि अनंत चतुर्दशी के दिन ही भगवान विष्णु ने सृष्टि की शुरूआत में 14 लोकों तल, अतल, वितल, सुतल, तलातल, रसातल, पाताल, भू, भुवः, स्वः, जन, तप, सत्य, मह का निर्माण किया था।

# PM नरेन्द्र मोदी आज अलीगढ़ में

## राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय व डिफेंस कारिडोर का करेंगे



**अलीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के गांव मूसेपुर में मंगलवार को दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय और डिफेंस कारिडोर की आधारशिला रखेंगे। इससे पहले सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तैयारियों का जायजा लिया। समारोह में आगरा-अलीगढ़ मंडल के करीब डेढ़ लाख लोगों के शामिल होने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार दोपहर वायुसेना के हेलीकाप्टर से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। 12 बजकर 20 मिनट पर मंच से ही बटन दबाकर राज्य विश्वविद्यालय व डिफेंस कारिडोर का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री 37 मिनट तक लोगों को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री का यहां एक घंटे रुकने का कार्यक्रम है देश के शिक्षा जगत के लिए कल का दिन बेहद महत्वपूर्ण है। दोपहर 12 बजे उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में महान स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद् और समाज सुधारक राजा महेन्द्र प्रताप सिंह जी के नाम पर एक नए विश्वविद्यालय के शिलान्यास का सुअवसर प्राप्त होगा।सीएम योगी ने परखीं तैयारियां : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह के साथ हेलीपैड से लेकर मंच तक की व्यवस्थाओं को परखा। अफसरों को हर स्थिति से निपटने के निर्देश दिए। सांसद, विधायक व भाजपा पदाधिकारियों से भी कार्यक्रम की तैयारियों के बारे में फीड बैक लिया। वह करीब डेढ़ घंटे तक यहां रुके। इसके बाद राजकीय हेलीकाप्टर से आगरा के लिए रवाना हो गए। निरीक्षण के दौरान प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतीश महाना, सुरेश राणा, राज्य मंत्री संदीप सिंह, अपर मुख्य सचिव अवनीश कुमार अवस्थी भी मौजूद रहे। विश्वविद्यालय की नई डिजाइन तैयार : राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय के भवन की नई डिजाइन तैयार हो गई है। इसे सीएम ने भी देखकर संतुष्टि जताई। पूर्व में तैयार की गई डिजाइन उन्हें ठीक नहीं लगी थी। उन्होंने महल की तरह बनाने के निर्देश दिए थे। नई डिजाइन लोक निर्माण विभाग ने नोएडा की एक एजेंसी से बनवाई है। इसे उच्च शिक्षा विभाग की अपर मुख्य सचिव मोनिका एस गर्ग सहित अन्य अधिकारियों ने सीएम को दिखाया। विवि का मुख्य द्वार विशाल होगा। अंदर जाने वाला रास्ते के दोनों ओर हरियाली होगी। मुख्य द्वार पर नक्काशी रहेगी। इस विश्वविद्यालय की घोषणा 2017 में इगलास विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव से पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने की थी। देश की आजादी के लिए अपना जीवन कुर्बान करने वाले राजा महेंद्र प्रताप के नाम कोई इमारत व स्मारक न होने के चलते उनके नाम से विश्वविद्यालय का नाम रखा गया।

## यूपी और गोवा विधानसभा चुनाव लड़ेगी शिवसेना: संजय राउत



**मुंबई।** शिवसेना सांसद संजय राउत ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी उत्तर प्रदेश (यूपी) और गोवा में अगले साल की शुरूआत में होने वाले विधानसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने दावा किया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में किसान संगठन उनकी पार्टी का समर्थन करने को तैयार है। संजय राउत ने यहां संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि शिवसेना उत्तर प्रदेश में 403 में से 100 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी, जबकि वह गोवा विधानसभा में 40 में 20 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। राज्यसभा सदस्य राउत ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में किसान संगठनों ने शिवसेना को समर्थन देने की इच्छा व्यक्त की है। उनके मुताबिक, हम छोटे दलों के साथ गठबंधन कर सकते हैं। गोवा में एमवीए जैसे फामूर्ले का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। देखते हैं कि क्या हम सफल होते हैं। राउत ने कहा कि इन दोनों राज्यों में शिवसेना का कैडर है और सफलता या असफलता के बावजूद चुनाव लड़ रही है। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में विजय रूपाणी के इस्तीफे के बारे में पूछे जाने पर राउत ने कहा कि यह भाजपा का आंतरिक मामला है, बाहरी लोगों को टिप्पणी करने की आवश्यकता नहीं है। मैं रूपाणी को तब से जानता हूं, जब वह मेरे साथ राज्यसभा सदस्य थे। गौरतलब है कि 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के बाद शिवसेना ने मुख्यमंत्री पद साझा करने के मुद्दे पर दीर्घकालिक सहयोगी भाजपा के साथ संबंध तोड़ लिए और राज्य में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार बनाने के लिए एनसीपी और कांग्रेस के साथ गठबंधन किया।

## सात दिन में 71 लाख टीके लगाकर प्रधानमंत्री को जन्मतिथि का उपहार देगा मध्य प्रदेश

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनकी जन्मतिथि पर अनूठा उपहार देने के लिए मध्य प्रदेश ने तैयारी की है। 17 सितंबर से सात दिन में 71 लाख कोरोना टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है। यह भी तय किया गया है कि भाजपा द्वारा 17 सितंबर से सात अक्टूबर तक चलाए जाने वाले विभिन्न अभियानों के दौरान प्रदेश के हर व्यक्ति को कोरोना का पहला डोज लगा दिया जाए। इन कार्यक्रमों के लिए पार्टी ने प्रभारियों की नियुक्ति भी की है।- अभिषेक शर्मा, प्रदेश संयोजक सोशल (इंटरनेट) मीडिया जिला स्तर पर सभी प्रचार माध्यम से प्रधानमंत्री की नीतियों, कार्यक्रमों एवं योजनाओं से लोगों के जीवन में आए बदलाव का प्रचार-प्रसार करेंगे। इसके प्रभारी धीरज सोनी, जीतेंद्र उपाध्याय, अजय सोनी, नंदू यादव होंगे। लोकेंद्र पाराशर, प्रदेश मीडिया प्रभारी, योगेश मेहता प्रदेश संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ, विकास बौंद्रिया प्रदेश संयोजक व्यावसायिक प्रकोष्ठ जिला स्तर पर प्रिंट मीडिया में प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व पर बुद्धिजीवियों के आलेखों का प्रकाशन सुनिश्चित करेंगे। इसके प्रभारी राजेंद्र गुप्ता और योगेंद्र मुखरैया होंगे।

## श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के पहले चरण का कार्य पूरा, नींव बता रही भव्यता



**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या से राम भक्तों के लिए अच्छी खबर ाई है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। राम मंदिर निर्माण के पहले चरण का कार्य पूरा हो गया है। रामजन्मभूमि पर बन रहे मंदिर की भव्यता बुनियाद से ही बयां हो रही है। इसकी तस्दीक गुरुवार को हो रही थी, जब रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय मीडिया को आमंत्रित कर मंदिर निर्माण की गतिविधियों की स्थलीय जानकारी दे रहे थे। न्यास के मुताबिक दिसंबर 2023 तक मंदिर निर्माण का काम पूरा हो जाने की उम्मीद है। रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय प्रांगण में कुछ फासले पर थे और उनसे मुखातिब होने के पूर्व नजर भूमि की सतह पर उभर रही एक विशद-विस्तीर्ण चट्टान पर जाकर ठहर जा रही थी।

## कविता



# कहै कबीर दीवाना-ओशो

वस्तुओं को तुम अपने प्रति समर्पित कर लेते हो। तुम्हारी कार, तुम्हारी कार है। तुम्हारा मकान, तुम्हारा मकान है। तुम समर्पित होने से बच जाते हो। और तुम्हें यह अहसास होता है, कि वस्तुएं तुम्हारे प्रति समर्पित हैं। एक तरह का अद्वैत सध जाता है। तुम हाथ में रुपया रखे हो। रुपए की सीमा और तुम्हारी सीमा मिट गई। रुपया बाधा नहीं डालता सीमा के मिटने में। और तुम्हें समर्पण करने के लिए मजबूर नहीं करता। रुपया समर्पित है। तुम जो चाहो करो, रुपया नानुच नहीं करेगा। तुम चाहे नदी में फेंक दो, तुम चाहे भिखारी को दे दो, तुम चाहे कुछ सामान खरीद लो, तुम चाहे तिजोड़ी में सम्हाल कर रखो रुपए की अपनी कोई मनोदशा नहीं है। रुपया पूरा समर्पित है।तुमने समर्पित कर लिया वस्तुओं को, इससे तुम्हें अहसास होता है कि अद्वैत सध गया। यह अहसास झूठा है। क्योंकि वस्तुओं के समर्पण का कोई अर्थ ही नहीं होता। वस्तुएं तो चेतन नहीं है। उनका समर्पण, ना समर्पण बराबर है। तुम भ्रांति में हो। रुपया जितना तुम्हारे लिए समर्पित है, उतना ही उस भिखारी के लिए जिसको तुम दे दोगे, उसके लिए भी समर्पित है। नदी में फेंक दोगे, नदी के लिए भी समर्पित है। तिजोड़ी में रख दोगे, तिजोड़ी के लिए समर्पित है। **जारी....**

# हेल्दी स्किन के लिए बनाएं आलू का स्क्रब, जानें फायदे और प्रयोग का तरीका

आलू स्किन के लिए क्यों फायदेमंद है? आलू से स्किन साफ होती है, दाग मिटते हैं, टैनिंग की समस्या दूर होती है, काली गर्दन है तो आपको आलू लगाना चाहिए। आलू खाने में तो स्वादिष्ट होता ही है साथ ही ये हमारी त्वचा के लिए फायदेमंद होता है। आलू में विटामिन सी, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स, मैग्नीज, कैल्शियम, फॉस्फोरस जैसे जरूरी पोषक तत्व होते हैं। आप आलू का स्क्रब बनाकर चेहरे पर लगाएं तो स्किन से दाग-धब्बे हटेंगे और त्वचा साफ होगी। आलू चेहरे के लिए नैचुरल क्लींजर का काम करता है और इसे स्क्रब की तरह इस्तेमाल करने से डेड स्किन सैल्स तो खत्म हो ही जाते हैं। इस लेख में हम आलू का स्क्रब बनाने का तरीका और उसके फायदों पर चर्चा करेंगे। इस विषय पर ज्यादा जानकारी के लिए हमने ओम स्किन क्लीनिक, लखनऊ के वरिष्ठ कंसलटेंट डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ देवेश मिश्रा से बात की। आलू का स्क्रब बनाने के लिए आप एक से दो आलू को छील लें। आलू को कद्दूकस करके एक बाउल में निकाल लें। आलू में आप हल्दी एड करें और अच्छी तरह से मिलाएं। अब उसमें गुलाब जल मिलाएं। इस पेस्ट में आप चीनी भी मिला सकते हैं।आप आलू



के स्क्रब में शहद और नींबू भी एड कर सकते हैं। आलू का स्क्रब लगाने के लिए चेहरे को अच्छी तरह से क्लीन करें। साफ चेहरे पर आलू का स्क्रब लगाएं और गर्दन पर भी लगाएं। अब दोनों हाथों से सर्कुलर मोशन में हाथों को घुमाते हुए चेहरे पर मसाज करें। आपको हाथों से स्किन पर ज्यादा जोर नहीं देना है। अब स्किन को साफ पानी से क्लीन कर लें। आलू का स्क्रब कब तक स्टोर कर सकते हैं? आप आलू के स्क्रब को दो से तीन दिनों के लिए आराम से स्टोर कर सकते हैं। इसे फ्रिज में रख रहे हैं तो आप एक हफ्ते तक स्क्रब का इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आलू में दूध मिलाया है तो इसे दो दिन से ज्यादा इस्तेमाल न करें। आलू के स्क्रब को आप नॉर्मल तापमान पर एक से दो दिनों के लिए स्टोर कर सकते हैं। अगर आपकी त्वचा में रखा हुआ आलू का स्क्रब लगाने से जलन, सूजन या रैशेज की समस्या हो तो आप उस स्क्रब को फेंक दें और फ्रेश स्क्रब ही चेहरे पर लगाएं। आलू स्क्रब चेहरे को साफ करता है, ये स्किन के लिए एक तरह से क्लींजर का काम करता है। काली गर्दन या चेहरे पर दाग-धब्बे की समस्या से परेशान हैं तो आपको आलू का स्क्रब लगाना चाहिए।

# अभिनेत्री नुसरत जहां के बच्चे के पिता के नाम का हुआ खुलासा, जानें बर्थ सर्टिफिकेट में है किसका नाम?

टीएमसी सांसद और अभिनेत्री नुसरत जहां के बच्चे के पिता को लेकर लगातार अटकलें लगाई जा रही थी, लेकिन अब कोलकाता नगर निगम द्वारा जारी बच्चे के सर्टिफिकेट से उनके पिता के नाम का खुलासा हो गया है. जी, हां, अभिनेत्री नुसरत जहां के बच्चे के पिता का नाम देबाशीष दासगुप्ता लिखा गया है. जो कि एक्टर यश दासगुप्ता का ऑफिशियल नाम है, जबकि सर्टिफिकेट में बच्चे का नाम ईशान जे दासगुप्ता लिखा गया है बता दें कि टीएमसी सांसद और एक्ट्रेस नुसरत जहां ने 26 अगस्त 2021 को बेटे



को जन्म दिया था. एक्ट्रेस की प्रेग्नेंसी काफी विवादों में रही थी. क्योंकि अपनी प्रेग्नेंस के समय उन्होंने अपने पति निखिल जैन के साथ नाता तोड़ने का ऐलान किया था. नुसरत जहां ने कहा था कि निखिल जैन के साथ उनकी शादी वैद्य नहीं थी. वह लिव-इन-रिलेशन में रह रही थीं. उसके बाद निखिल जैन ने भी बयान जारी कर कहा था कि वह बच्चे के पिता नहीं हैं. नुसरत जहां के बच्चे के जन्म के समय अभिनेता यश दासगुप्ता को सदा ही उनके साथ देखा गया था. यश दासगुप्ता ही नुसरत जहां को अस्पताल ले गए थे और बच्चे के जन्म की पहली जानकारी भी यश दासगुप्ता ही दी थी, लेकिन उसके बाद से बच्चे के पिता को लेकर अटकलें लग रही थी. सोशल मीडिया पर इसे लेकर सवाल किये जा रहे थे. लेकिन अब ये कंफर्म हो गया है कि नुसरत जहां के बच्चे के पिता एक्टर यश दासगुप्ता हैं. नुसरत के बच्चे के बर्थ रजिस्ट्रेशन की डिटेल पब्लिक डोमेन पर सामने आ गई है. इसमें बच्चे का पूरा नाम ईशान जे दासगुप्ता लिखा गया है. कोलकाता नगर निगम में दर्ज डॉक्यूमेंट के मुताबिक, पिता का नाम देबाशीष दासगुप्ता लिखा गया है. जो कि एक्टर यश दासगुप्ता का ऑफिशियल नाम है. इससे ये साफ हो गया है कि यश दासगुप्ता ही नुसरत जहां के बच्चे के पिता हैं. अभी तक यश दासगुप्ता के नाम पर सिर्फ कयास ही लगाए जा रहे थे.

# विराट कोहली ने किया एलान, टी20 वर्ल्ड कप 2021 के बाद छोड़ देंगे भारतीय टी20 टीम की कप्तानी

**नई दिल्ली:** भारतीय क्रिकेट टीम के तीनों फार्मेट के कप्तान विराट कोहली ने क्रिकेट के सबसे छोटे फार्मेट की कप्तानी छोड़ने की घोषणा कर दी है। लंबे समय से उनकी कप्तानी को लेकर बातें की जा रही थी। कुछ दिन पहले ही यह खबर आई थी कि वह टी20 विश्व कप खत्म होने के बाद इस फार्मेट की कप्तानी छोड़ देंगे। गुरुवार 16 सितंबर को शाम उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की जानकारी दी।टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली ने ट्विटर के जरिए इस बात का एलान कर दिया है कि वो टी20 वर्ल्ड कप 2021 के ठीक बाद भारतीय टी20 टीम की कप्तानी छोड़ देंगे। इसके बाद वो भारतीय वनडे व टेस्ट टीम की कप्तानी करते रहेंगे। विराट कोहली के इस कदम के बाद अब पूरी संभावना है कि रोहित शर्मा को भारतीय टी20 टीम की को कप्तानी सौंपी जाएगी। रोहित शर्मा आइपीएल में सबसे सफल कप्तान हैं और उनका रिकार्ड शानदार है। विराट कोहली ने अपने ऊपर लगातार बढ़ते दबाव की वजह से ये कदम उठाया है। कम से कम एक प्रारूप की कप्तानी छोड़ने के बाद उनके उपर से दबाव हटेगा और वो ठीक तरीके से अपनी बल्लेबाजी पर भी ध्यान दे पाएंगे। विराट के टी20 टीम की कप्तानी छोड़ने के बाद अब यह तय हो गया है कि रोहित शर्मा को इस फार्मेट में टीम की कमान सौंपी जाएगी। विराट की जगह लंबे समय से उनको इस फार्मेट में कप्तान बनाए जाने की मांग की जा रही थी। टी20 प्रारूप से कप्तानी छोड़ने पर बयान जारी करते हुए विराट कोहली ने कहा है, मैं न केवल भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए, बल्कि अपनी पूरी क्षमता के साथ भारतीय क्रिकेट टीम का नेतृत्व करने के लिए भाग्यशाली रहा हूं। मैं उन सभी का शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान के रूप में मेरे सफर में मेरा साथ दिया। मैं उनके बिना यह नहीं कर सकता था। टीम के खिलाड़ी, सहयोगी स्टाफ, चयन समिति, मेरे कोच और प्रत्येक भारतीय, जिन्होंने हमारे जीतने के लिए प्रार्थना की।उन्होंने आगे लिखा, कार्यभार को समझना बहुत महत्वपूर्ण बात है और पिछले 8-9 वर्षों में सभी 3 प्रारूपों में खेलने और पिछले 5-6 वर्षों से नियमित रूप से कप्तानी करने पर मेरे अत्यधिक कार्यभार को देखते हुए, मुझे लगता है कि भारतीय टीम का नेतृत्व करने के लिए व पूरी तरह से वनडे और टेस्ट में तैयार होने के लिए खुद को थोड़ा आराम देने की आवश्यकता है। मैंने टी20 कप्तान के तौर पर अपने समय में टीम को सब कुछ दिया है और आगे बढ़ते हुए एक बल्लेबाज के तौर पर टी20 टीम के लिए ऐसा करना जारी रखूंगा। विराट ने अपने बयान के आखिरी पैरा में कहा है, बेशक, मुझे इस निर्णय पर पहुंचने में बहुत समय लगा। मैंने अपने करीबी लोगों, रवि (शास्त्री) भाई और रोहित, जो नेतृत्व समूह का एक अनिवार्य हिस्सा रहे हैं, उनके साथ बहुत चिंतन और चर्चा के बाद, मैंने अक्टूबर में दुबई में इस टी20 विश्व कप के बाद टी 20 कप्तान के रूप में पद छोड़ने का फैसला किया है।




मैंने सभी चयनकर्ताओं के साथ सचिव जय शाह और बीसीसीआइ अध्यक्ष सौरव गांगुली से भी इस बारे में बात की है। मैं आगे अपनी पूरी क्षमता से भारतीय क्रिकेट और भारतीय टीम की सेवा करता रहूंगा ।

## विराट कोहली का बतौर टी20 कप्तान शानदार रहा है सफर, वनडे व टेस्ट में भी है कमाल का रिकार्ड




**नई दिल्ली।** विराट कोहली ने साफ कर दिया है कि, वो टी20 वर्ल्ड कप 2021 के बाद टी20 टीम की कप्तानी छोड़ देंगे। उनकी इस घोषणा के बाद सारे कयासों पर विराम लग गया है जिसमें कहा जा रहा था कि, वर्ल्ड कप के बाद वो कप्तानी छोड़ देंगे। विराट कोहली की कप्तानी में टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड कप 2021 खेलेगी जो बतौर टी20 कप्तान भारत के लिए उनका आखिरी आइसीसी इवेंट होगा। टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में उनकी कप्तानी की बात करें तो उनका अब तक का सफर बेहद शानदार रहा है और टीम इंडिया ने उनकी अगुआई में जानदार प्रदर्शन किया है। कोहली ने बतौर भारतीय कप्तान अब तक टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व 45 टी20 इंटरनेशनल मैचों में किया है जिसमें से उन्हें 27 मैचों में जीत मिली है जबकि 14 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। इसमें से 2 मैच टाई हैं और 2 मैच का रिजल्ट नहीं आया था। उनके जीत का प्रतिशत 65.11 का रहा है। विराट कोहली ने बतौर कप्तान भारत में कभी भी कोई भी टी20 सीरीज नहीं गंवाई। विराट कोहली की कप्तानी में टीम इंडिया ने विदेशों में 7 टी20 सीरीज जीते। साल 2017 में कप्तान बनने के बाद उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज जीती थी तो वहीं 2020 में उन्होंने आखिरी टी20 सीरीज आस्ट्रेलिया में जीती।

## रक्षा मंत्रालय ने पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को दी बड़ी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान को सेना से लगाव जगजाहिर है। सेना ने उनको लेफ्टिनेंट कर्नल (मानद उपाधि) बनाया है और इसके लिए वह अपनी सेवा भी दे चुके हैं। आगे भी वह देश में योगदान करने की इच्छा रखते हैं। सेना को दिल में बसाने वाले पूर्व कप्तान को अब युवाओं में देश की रक्षा और अनुसाशन बनाए रखने के जज्बे को पैदा करने की खास जिम्मेदारी दी जाने की पहल की गई है। जानकारी के मुताबिक युवाओं में सुरक्षा, रक्षा और अनुसाशन का पाठ पठाने वाले राष्ट्रीय कैडेट कोर यानी एनसीसी को आने वाले वक्त में और भी प्रसांगिक बनाए जाने का फैसला लिया गया है। इसके लिए रक्षा मंत्रालय ने एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति बनाई है। इसका उद्देश्य एनसीसी की व्यापक समीक्षा किया जाना है। जो समिति बनाई गई है इसमें पूर्व कप्तान धौनी को भी शामिल किया गया है। एएआई की रिपोर्ट के मुताबिक



तीन सदस्यों की इस समिति में पूर्व कप्तान के अलावा एमपी विनय सहस्त्रबुद्धे और महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा को शामिल किया गया है। एनसीसी में शामिल होने वाले युवाओं को कैडेट बुलाया जाता है।

तमाम कैडेट्स को उनकी योग्यता के अनुसार ए, बी और सी सर्टिफिकेट दिए जाते हैं। कक्षा आठ से दस तक में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों को ए सर्टिफिकेट के लिए चुना जाता है। दसवीं कक्षा से उपर यानी इंटरमीडिएट के छात्र होते हैं बी सर्टिफिकेट तो वहीं सी सर्टिफिकेट महाविद्यालय स्तर पर में पढ़ने वालों को दिया जाता है। जिन छात्रों के पास एनसीसी के प्रमाणपत्र होते हैं उनको कुछ खास सुविधा का लाभ मिलात है। बी और सी सर्टिफिकेट के धारकों को अगली कक्षाओं में नाम लिखाने में इससे फायदा मिलता है। जिन 12वीं पास विद्यार्थी के पास बी सर्टिफिकेट होता है उनको स्नातक में दो प्रतिशत लाभ मिलता है।

# विसर्जन के दौरान 3,744 टेस्ट सिर्फ 2 कोरोना पॉजिटिव



**ठाणे:** शहरवासियों के लिए राहत की बात है। मनपा क्षेत्र में विसर्जन के दौरान अब तक सिर्फ दो लोगों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। संक्रमण से बचाव के लिए विसर्जन स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं का मनपा ऐंटिजेन टेस्ट कर रही है। डेढ़ और 5 दिन के विसर्जन के दौरान 24 स्थानों पर 3,744 लोगों का टेस्ट किया गया था, जिनमें से सिर्फ 2 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। मनपा ने करीब 50 हजार जांच किट की व्यवस्था की है।मनपा के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भीमराव जाधव के मुताबिक, जिन 2 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, उनमें से एक मनपाकर्मी है। दोनों को क्वारंटीन किया गया है और उनके संपर्क में आए तथा घर के सदस्यों की जांच की गई है। डेढ़ दिन के विसर्जन के दौरान 1,192 तथा पांचवें दिन गौरी-गणेश विसर्जन के दौरान 2,552 लोगों का टेस्ट किया गया। अभी प्रतिदिन 50 से 60 मरीज सामने आ रहे हैं और लगभग उतने ही ठीक हो रहे हैं। घर पर विसर्जन में लोगों की रुचिकोरोना से बचाव और पर्यावरण को हानि न पहुंचे, इसलिए लोगों की रुचि घर पर विसर्जन में बढ़ी है। शहर के हीरानंदानी इस्टेट निवासी अजय तिवारी ने बताया कि बाहर न जाकर इस वर्ष उनके घर में ही बड़ी बाल्टी में बप्पा का विसर्जन किया गया और बचे हुए पानी और मिट्टी का इस्तेमाल पौधा लगाने में किया है। श्रीमती गुजना हाई स्कूल के शिक्षक संतोष पांडेय ने बताया कि उनके स्कूल में प्रतिवर्ष प्लास्टर ऑफ पेरिस की गणपति विराजते थे, लेकिन इस बार इको फ्रेंडली गणपति बप्पा को लाया गया। बड़े टब में मंत्रोच्चार के साथ मूर्ति विसर्जित कर पानी पेड़ों में डाला गया। मनपा क्षेत्र में डिजी ठाणे प्रणाली द्वारा तैयार किए गए ऑनलाइन टाइमस्लॉट बुकिंग सुविधा अंतर्गत अभी तक 6,620 लोगों ने ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग कर मूर्ति को विसर्जित किया। शहर में 23,189 गणेश और 964 गौरी की मूर्तियों का विसर्जन हुआ है।

## मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमवीर सिंह की याचिका बॉम्बे हाईकोर्ट ने की खारिज




**मुंबई :** मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमवीर सिंह की याचिका बॉम्बे हाईकोर्ट ने गुरुवार को रद्द कर दी है. परमवीर सिंह की कोर्ट ने उस याचिका को खारिज कर दिया है. जिसमें उन्होंने महाराष्ट्र सरकार द्वारा उनके खिलाफ शुरू की गई प्रारंभिक जांच को चुनौती दी थी. न्यायमूर्ति एस एस शिंदे और न्यायमूर्ति एन जे जामदार की खंडपीठ ने गुरुवार को याचिका खारिज करते हुए कहा कि सिंह द्वारा मांगी गई राहत पर केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण फैसला ले सकता है, क्योंकि यह सेवा का मामला है. कोर्ट ने याचिका को गैर धारणीय बताते हुए उपयुक्त मंच से संपर्क करने को कहा है. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राज्य सरकार से भष्ट्राचार के आरोपों में सिंह के खिलाफ जांच करने की अनुमति दी गई थी. दरअसल ये मामला मुंबई पुलिस के इंस्पेक्टर अनूप डांगी द्वारा महाराष्ट्र सरकार को लिखे गए पत्र के बाद सामने आया था. डांगे ने परमवीर सिंह पर करप्शन के गंभीर आरोप लगाए थे. सरकार को लिखे गए पत्र में डांगे ने कहा था कि पूर्व मुंबई पुलिस कमिश्नर ने उनके निलंबन के दौरान उन्हें मुंबई पुलिस में बहाल करने के लिए पैसे की मांग की थी. मुंबई के पूर्व कमिश्नर परमवीर सिंह पर 25 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है.

## राम कदम बोले- कांग्रेस यह तय करे कि केंद्रीय जांच एजेंसी काम करे या नहीं ?



**मुंबई :** बीजेपी प्रवक्ता और विधायक राम कदम ने कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष को जमकर खरी खोटी सुनाई है। उन्होंने कहा कि सोनू सूद के घर जब से इनकम टैक्स विभाग की टीम गयी है ,तब विपक्ष बेबुनियाद आरोप लगा रहा है। विपक्ष पहले यह तय करे कि केंद्रीय एजेंसियों को काम करने देना है कि नहीं। अगर वे कार्रवाई करते हैं तो विपक्ष के पेट में दर्द होता है। यह एजेंसियों के अफसरों का अपमान है। दरअसल एक्टर सून सूद के घर पर बुधवार से इनकम टैक्स विभाग की टीम सर्वे कर रही है। इसी बात पर बीजेपी पर केंद्रीय जांच एजेंसी का दुरूपयोग करने का आरोप विपक्ष लगा रहा है।


TASNEEM COLLECTION

Online Shopping Hub

Only of Ladies Bags, Kurtis, Accessories

Kitchen & Household items

Baby products

Plastic items

And much more......all under one roof

Best business opportunity for housewives
to become reseller & earn at zero investment

Farida Rampurawala :
8898065152

RH 1, C 26 row house number,
Swamy Ayyappam temple road,
Sector. 8, New Mumbai,
Vashi-400 703


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक – मुर्तुजा मामाजीवाला के द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4, ग्राउंड फ्लोअर, एन. के इंडस्ट्रिअल इस्टेट , ऑफ आरे रोड , प्रवासी इंडस्ट्रिअल इस्टेट के पास , गेट नं. 2, गोरेगाव (पूर्व),मुंबई - 400063 से मुद्रित कर शिव वातुक सेना कासिम नगर नियर लक्ष्मी इस्टेट न्यू लिंक रोड, अंधेरी (प),मुंबई -400053 प्रकाशित । संपादक : मुर्तुजा मामाजीवाला मों. 9819199997

T.C. NO. MAHHIN10172 ईमेल: newsicon2021@gmail.com newsicon.net